THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI CHARAN SINGH): (a) Yes, Sir.

(b) The State Government have intimated that 49 persons have died as a result.

(c) The State Government is taking action to organise raids against bootlegging activities and have issued instructions to local officers to check godowns to detect unauthorised sale and storage of methyl alcohol and other substances used for the manufacture of poisonous brew.

Loss incurred by DSIDC

1415. SHRI G. M. BANATWALLA:
SHRI OM PRAKASH TYAGI:

Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether Delhi State Industrial Development Corporation has suffered a loss of Rs 25 lakhs in trying out certain 20 point economic programme during emergency; and

(b) if so, whether Government propose to hold an inquiry into the matter?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI BRIJ LAL VERMA): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

राष्ट्रपति शासन लागू होने से पूर्व नौ राज्यों में किए गए निर्णय

1416. श्री जी॰ एस॰ तोहरा : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार ने उन नौ राज्यों के, जहां राष्ट्रपति शासन लागू होने के कुछ सप्ताह पूर्व वहां के मुख्य मंत्रियों ने अत्यंत शीघ्रता से जो फैसले किये थे, राज्यपाल को कोई सिफारिश की है या करने का विचार है कि वे उन में जितने फैसले मंसूख कर सकें, करें; विशेषकर जो फैसले वित्तीय और प्रशासनिक औचित्य की घोर उपेक्षा करके दिये गये; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी मुख्य बातें क्या हैं?

गृह मंत्री (श्री चरण सिंह) : (क) और (ख) अनुच्छेद 356 के अधीन उद्घोषणा के तुरन्त बाद संबंधित राज्यपालों को सलाह दी गई थी कि अभी हाल ही में कुछ दिन पहले लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों पर पुनर्विचार किया जाय ताकि इस बात का सुनिश्चित किया जा सके कि वे फैसले वित्तीय तथा प्रशासनिक औचित्य की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप थे और जहां भी सुविधापूर्वक सम्भव हो वहां उपचारी कार्यवाही की जाय। उन्हें यह सलाह भी दी गई थी कि वे उन अधिकारियों के स्थानानांतरण पर पुनर्विचार करें जिनका संबंध विशेष रूप से जिला प्रशासन, विधि तथा व्यवस्था और चुनावों के साथ था ताकि इस बात का सुनिश्चित किया जा सके कि उनके स्थानांतरण सामान्य लोकहित के विचार से उचित थे।

'किस्सा कुर्सी का' फिल्म के प्रिंट के गायब होने के बारे में जांच

1417. श्री जी॰ एस॰ तोहरा : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने किस्सा कुर्सी का' फिल्म के प्रिन्ट के गायब होने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों का पता लगाने के बारे में केन्द्रीय जांच ब्यूरो से जांच करने के लिए कहा है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या प्रगति हुई है?